भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 83**

उत्तर देने की तारीख 3 फरवरी, 2025
14 माघ, 1946 (शक)

# रायबरेली में खेल अवसंरचना को सुदृढ़ करना

**83. श्री राहुल गांधी:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा रायबरेली में खेल अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए कोई पहल की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास रायबरेली में खेल-सुविधाओं का संवर्धन करने हेतु कोई प्रस्ताव विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:

(घ) क्या सरकार द्वारा रायबरेली में स्कूली बच्चों, महिलाओं और भिन्न रूप से सक्षमजनों के बीच खेलों को बढ़ावा देने हेतु कोई पहल की जा रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) और (ख) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, देश में खेल अवसंरचनाओं को सुदृढ़ करने सहित खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। तथापि, वित्तीय वर्ष 2020-21 में खेलो इंडिया स्कीम के तहत एक परियोजना, जिसका नाम "जैतपुर पुलिस लाइन रोड जिला रायबरेली, उत्तर प्रदेश में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण" है, को मंजूरी दी गई है। रायबरेली, उत्तर प्रदेश सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम के तहत स्वीकृत खेल अवसंरचनाओं का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ग) इस मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(घ) और (ङ) : युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित स्कीमों को क्रियान्वित करता है, जिसमें रायबरेली के स्कूली बच्चे, महिलाएं और दिव्यांग जन हेतु स्कीमें भी शामिल हैं:

(i) "खेलो इंडिया - राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम" स्कीम; (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता; (iii) अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार; (iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार; (v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन; (vi) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खेल कल्याण स्कीम; (vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और (viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्र।

उपरोक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइट पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है।

****